# प्रेस विज्ञप्ति

## महिला कृषि शक्ति पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू: भारत भर में कृषि क्षेत्र में बदलाव ला रही महिलाओं को सम्मानित करने की पहल

एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (MSSRF) ने JSW Foundation के सहयोग से **महिला कृषि शक्ति पुरस्कार: JSW Foundation-MSSRF National Award for Women in Agriculture 2026** के प्रथम संस्करण की घोषणा की है। यह एक राष्ट्रीय मंच है, जिसका उद्देश्य भारत भर में कृषि, खाद्य प्रणालियों, ग्रामीण आजीविका और पारिस्थितिक संरक्षण के क्षेत्र में महिलाओं तथा महिलाओं द्वारा संचालित संस्थाओं के असाधारण योगदान को पहचानना और सम्मानित करना है।

यह पुरस्कार उन जमीनी स्तर पर सक्रिय महिला नेताओं और संस्थाओं को सम्मानित करेगा, जिनकी मेहनत से कृषि को सशक्त बनाने, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु लचीलापन, पोषण सुरक्षा और ग्रामीण समुदायों को मजबूत करने में योगदान दे रहा है।

इस पहल के माध्यम से JSW Foundation और MSSRF का उद्देश्य उन महिलाओं के ज्ञान, नवाचार, नेतृत्व और प्रतिबद्धता को व्यापक पहचान दिलाना है, जो भारत की कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के भविष्य को आकार दे रही हैं। यह पुरस्कार ज्ञान के आदान-प्रदान, सहकर्मी सीखने तथा कृषि क्षेत्र में महिला नेतृत्व की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए भी एक मंच के रूप में काम करेगा।

"भारत में ग्रामीण महिलाओं की एक बड़ी संख्या कृषि क्षेत्र में कार्यरत है, फिर भी उनके अनेक योगदानों को वह पहचान नहीं मिल पाती जिसकी वे हकदार हैं। महिला कृषि शक्ति पुरस्कार का उद्देश्य उन महिलाओं के नेतृत्व, ज्ञान और उद्यमशीलता को सामने लाना है, जो प्रतिदिन कृषि और ग्रामीण आजीविका को आकार दे रही हैं। हमें उम्मीद है कि यह मंच न केवल उत्कृष्ट महिला नेताओं को सम्मानित करेगा, बल्कि ग्रामीण भारत की अनेक और महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए आदर्श भी प्रस्तुत करेगा," **रीमा साठे, JSW Chair – Women in Agriculture & Rural Systems, MSSRF**, ने कहा।

### पुरस्कार तीन प्रमुख श्रेणियों में उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करेंगे:

- बीज, जैव विविधता और पारंपरिक ज्ञान
- जलवायु सहनशीलता और पारिस्थितिकी संरक्षण
- पोषण सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका

इसके अतिरिक्त, **भूमि जा राष्ट्रीय सम्मान** (विशेष प्रशस्तियाँ) **(Bhoomi Jaa Rashtriya Samman)** को परिवर्तनकारी नेतृत्व तथा महिला-केंद्रित नवाचार और प्रौद्योगिकी डिजाइन के लिए विशेष सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा।

पुरस्कारों का निर्णय एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसमें **डॉ. आर. ए. माशेलकर**, प्रख्यात मार्गदर्शक तथा पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित; **डॉ. रेणु स्वरूप**, निर्णायक मंडल की अध्यक्ष एवं भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की पूर्व सचिव; **श्री टी. नंद कुमार**, IAS (सेवानिवृत्त), निर्णायक मंडल के सदस्य, भारत सरकार के पूर्व कृषि सचिव तथा NDDB के पूर्व अध्यक्ष; **प्रो. नित्या राव**, लैंगिकता, ग्रामीण आजीविका, खाद्य प्रणालियों और महिलाओं के कार्य के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेषज्ञ; **प्रो. संजय जोडपे**, PHFI के अध्यक्ष एवं जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ; **श्री आर. पवित्र कुमार**, CEO, JSW Foundation; तथा **सुश्री मेफेरीन रिंथियांग**, संस्थापक, Grassroot Shillong एवं उत्तर-पूर्व भारत की जमीनी स्तर की नेता शामिल हैं।

पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को JSW Foundation और MSSRF द्वारा संयुक्त रूप से **प्रशस्ति-पत्र, ट्रॉफी तथा ₹3 लाख से ₹7 लाख तक की नकद पुरस्कार राशि** प्रदान की जाएगी। इसके साथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अधिक पहचान, पेशेवर नेटवर्क तक पहुँच तथा ग्रामीण भारत में कार्यरत महिला नेताओं के बढ़ते समुदाय के साथ जुड़ने के अवसर भी प्राप्त होंगे।

## नामांकन के लिए पात्रता:

- **18 वर्ष या उससे अधिक आयु की भारतीय महिलाएँ**, जिन्होंने कृषि, संबद्ध क्षेत्रों या ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में निरंतर योगदान दिया हो।
- **महिला-नेतृत्व वाली संस्थाएँ।**

नामांकन **स्व-नामांकन** के माध्यम से अथवा सहयोगी संगठनों और संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया **14 अगस्त 2026** को शुरू हो चुकी है और आवेदन **15 सितंबर 2026** तक स्वीकार किए जाएंगे।

आवेदन MSSRF की वेबसाइट पर उपलब्ध आधिकारिक पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं।

**महिला कृषि शक्ति पुरस्कार वेबपेज:**
https://mssrf.org/mahila-krishi-shakti-puraskar

## पुरस्कार से संबंधित जानकारी के लिए:

**पुरस्कार सचिवालय**
महिला कृषि शक्ति पुरस्कार
एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (MSSRF)
ईमेल: mahila.krishishakti@mssrf.res.in
फोन: 044-22541229

## MSSRF मीडिया संपर्क:

**ज्योति शेलार**, Head of Communications & Donor Outreach: 9920394959
**श्रिया नायडू**, Science Communication Manager: 9791196037